प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- रेल्वे, यात्रा के दौरान सीट की अनिश्चितता कम करने के लिए आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करेगा–रेल मंत्री ने चरणबद्ध तरीके से योजना को लागू करने के निर्देश दिये।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज जयपुर के एक दिन के दौरे पर–पूर्व विधायक **संघ** की ओर से आयोजित समारोह में भाग लेंगे।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा आज से शुरू हो रही है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं को एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब बताया।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर चल रहे बारिश के दौर के बीच आज मानसून के बादल उत्तरी जिलों पर मेहरबान।

00000

रेल्वे, यात्रा के दौरान सीट की अनिश्चितता कम करने के लिए आठ घंटे पहले यात्रियों का आरक्षण चार्ट तैयार करने की शुरूआत कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस पहल को चरणबद्ध तरीके से करने के लिए रेल बोर्ड को निर्देश दिये हैं। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय मिल सकेगा। इस बीच अब से आईआरसीटीसी वेबसाइट पर तत्काल टिकट बुक करने के लिए केवल प्रमाणित उपयोगकर्ताओं को अनुमति मिलेगी। इसके लिए कल से मोबाइल ऐप शुरू किया जा रहा है। तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित प्रमाणन की सुविधा शुरू हो जायेगी। रेल मंत्रालय ने कहा कि नई आरक्षण प्रणाली प्रति मिनट एक लाख पचास हजार से अधिक रेल टिकट जेनरेट करने में सक्षम है, जो मौजूदा वर्तमान क्षमता का लगभग पांच गुना अधिक है।

00000

रेलवे में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने स्वदेशी रूप से एक उन्नत वेब–आधारित स्पीडो मीटर विश्लेषण सॉफ्टवेयर का सफल विकास किया है। यह सॉफ्टवेयर, ट्रेन संचालन के दौरान उत्पन्न स्पीडो मीटर डेटा का विश्लेषण कर, लोको पायलट की ड्राइविंग तकनीक और गति प्रतिबंधों के अनुपालन की निगरानी करता है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये सॉफ्टवेयर जोधपुर मंडल के यांत्रिक विभाग की ओर से तैयार किया गया है।

......

0000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज एक दिन के दौरे पर जयपुर आ रहे है। वे यहां पूर्व विधायक **संघ** की ओर से आयोजित समारोह में भाग लेंगे। संविधान क्लब में होने वाले इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए शहर में यातायात तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के आवश्यक इंतजाम किए गए है।

00000

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और सांसद भूपेंद्र यादव ने कल अलवर में बीते एक साल के दौरान हुए विकास कार्यो पर आधारित '1 साल अलवर सांसद संपर्क संवाद' पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने अलवर टाइगर मैराथन की वेबसाइट का शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने बीते एक साल के दौरान करवाये गये विभिन्न विकास कार्यो और गतिविधियों का उल्लेख करते हुए बताया कि क्षेत्र की जल समस्या को दूर करने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। इनमें महत्वपूर्ण रूप से संशोधित पार्वती– कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना पर त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि इस परियोजना से उनके संसदीय क्षेत्र में लगभग 15 लाख की आबादी को 300 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरित होकर जिले में खेलों को गांव–गांव तक पहुंचाने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अलवर सांसद खेल उत्सव शुरू किया गया है। इसी कडी में

अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलवर टाइगर मैराथन भी आयोजित की जायेगी। इसके लिए 1 अगस्त से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

0000

कैलाश मानसरोवर यात्रा आज से शुरू हो रही है। पांच सालों के अंतराल के बाद इस वर्ष यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जायेगी। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। सिक्किम सरकार, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुकूलन केंद्रों सहित बुनियादी ढांचों का विस्तार कर रही है। इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यात्रा को लेकर देशवासियों की श्रद्धा का उल्लेख करते हुए कहा कि कैलाश पर्वत हमारी परम्परा में भक्ति का केन्द्र माना गया है। कल आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कैलाश मानसरोवर और अमरनाथ यात्रा सहित विभिन्न धार्मिक यात्राओं के लिए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब है।

.....

0000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – यूजीसी ने रैगिंग रोकथाम विनियमों का अनुपालन नहीं करने पर चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों –तीन भारतीय प्रबंधन संस्थानों और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित देश के 89 संस्थानों को नोटिस जारी किया है। रैगिंग संबंधी यूजीसी विनियम 2009 के अनुसार, इससे संबद्ध प्रत्येक संस्थान को छात्रों का अनुपालन आश्वासन और रैगिंग विरोधी आश्वासन पत्र जमा कराना आवश्यक है। नोटिस के अनुसार इन संस्थानों ने बार– बार कहने के बावजूद विद्यार्थियों से लिखित में अनिवार्य रैगिंग रोधी वचनबद्धता और संस्थानों से अनुपालन वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है।

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर चल रहे बारिश के दौर के बीच मानसूनी बादलों ने उत्तरी जिलों को भी अपनी पंहुच में ले लिया है। चूरू में आज मानसून की पहली तेज बारिश हुई जिससे शहर में कई जगहों पर पानी भर गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है।

......

जैसलमेर में भी सुबह से ही मौसम खुशगवार बना हुआ है। वहां पोकरण में कल शाम झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। बाडमेर में भी कल शाम से रूक–रूक कर बारिश का दौर बना हुआ है। इधर मौसम केन्द्र जयपुर ने आज चूरू, सीकर, अलवर, भरतपुर और धौलपुर जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

00000